L-5

शब्दार्थ

**शब्द बोध-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बैटिंग | – | बल्लेबाज़ी | बैट | – बल्ला |
| आखिरी | – | अंतिम | क्रीज़ | – विकेट के पास खिंची रेखा |
| चूर होना | – | खत्म होना | जान | – प्राण |

**वर्तनी बोध-**

| मानक रूप | प्रचलित रूप |
|---|---|
| डंडा | डण्डा |

D/W कठिन शब्द

**श्रुतलेख-** बुखार, टीम, कप्तान, बैटिंग, छक्के, क्रिकेट, क्रीज, आखिरी, टकराकर, खिड़की

**हिंदी में अंग्रेज़ी के प्रचलित शब्द -** टीम, कप, बैटिंग, बैट, क्रीज़

L-5

# अभ्यास बोध

## मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) बच्चे को कौन-सा बुखार चढ़ गया?

(ख) बच्चे ने किसे मज़ा चखाया?

(ग) क्रिकेट खेलते समय गेंद कहाँ जाकर लगी?

(घ) बच्चे को कितने डंडे लगे?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) बच्चे के मन में क्या विचार आया?

(ख) आखिरी गेंद पर क्या हुआ?

(ग) मम्मी डंडा लेकर क्यों आई?

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

मैं बोला कप्तान बनूँगा,
बैटिंग पहले मैं ही करूँगा।
मेरे हाथ में बैट जो आया,
सचिन कपिल को मज़ा चखाया।

3. नीचे दिए गए शब्दों से खाली स्थान भरिए-

बैटिंग खिड़की डंडा बुखार

(क) मुझे जब क्रिकेट का बुखार चढ़ गया।

(ख) सचिन बेचारा मेरी बैटिंग देखकर डर गया।

L-5

(ग) गेंद खिड़की में जाकर लगी।

(घ) मम्मी का डंडा पड़ते ही सारा बुखार उतर गया।

**भाषा-बोध**

**1. पढ़िए, समझिए और लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बनूँ | - | बनाऊँ | बनाऊँगा |
| खेलूँ | - | खेलूँगा | खेलाऊँगा |
| पढ़ूँ | - | पढ़ूँगा | पढ़ाऊँगा |
| चखूँ | - | चखूँगा | चखाऊँगा |

**2. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चढ़ना | × | उतरना | पहला | × | आखिरी |
| एक | × | अनेक | जाना | × | आना |
| जीत | × | हार | पास | × | दूर |

**3.** बच्चो! आप जानते हैं कि वचन दो प्रकार के होते हैं— एकवचन और बहुवचन।

**एकवचन** — एक संख्या की जानकारी देने वाले शब्द **एकवचन** कहलाते हैं।
जैसे— पुस्तक, केला।

**बहुवचन** — एक से अधिक संख्या की जानकारी देने वाले शब्द **बहुवचन** कहलाते हैं।
जैसे— पुस्तकें, केले।

**दिए गए शब्दों के बहुवचन बनाइए-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बल्ला | - | बल्ले | डंडा | - | डंडे |
| टीम | - | टीमें | गेंद | - | गेंदें |
| शीशा | - | शीशे | कोशिश | - | कोशिशें |

—संकलित

पाठ-6 शब्दार्थ

**शब्द बोध-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकाश | – | आसमान | धरती | – | पृथ्वी |
| निवासी | – | रहनेवाला | आश्चर्य | – | हैरानी |
| उत्सुकता | – | जानने की इच्छा | प्रकाश | – | उजाला |

**वर्तनी बोध-**

| मानक रूप | प्रचलित रूप | मानक रूप | प्रचलित रूप |
|---|---|---|---|
| गरमी | गर्मी | छुट्‌टियाँ | छुट्टियाँ |
| चट्‌टानें | चट्टानें | गड्‌ढे | गड्ढे |

**श्रुतलेख-** स्नेहिल, छुट्‌टियाँ, कहानियाँ, अध्यापिका, चट्‌टानें, गड्‌ढे, नील आर्मस्ट्रांग, आश्चर्य

→ कठिन शब्द लिखो -

## अभ्यास बोध

### मौखिक

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

(क) रात को आकाश में क्या दिखाई देता है?

(ख) क्या चाँद पर मानव जीवन है?

L-6

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) गरमी की छुट्टियाँ बिताने अपनी नानी के घर भगतपुर कौन-कौन गए थे?

(ख) सपना ने किससे कहानी सुनाने के लिए कहा?

(ग) चंद्रमा धरती से देखने पर इतना छोटा क्यों दिखता है?

(घ) चंद्रमा पर जीवन क्यों नहीं है?

(ङ) चाँद पर पहुँचनेवाला पहला व्यक्ति कौन था?

(च) अध्यापिका ने स्नेहिल को चाँद के बारे में क्या बताया था?

2. सही विकल्प चुनकर खाली स्थान भरिए-

(क) धरती से लोग अंतरिक्ष यान में बैठकर चाँद पर पहुँच चुके हैं। (हवाई जहाज़/अंतरिक्ष यान)

(ख) चंद्रमा आकार में हमारी धरती से छोटा है। (आकार/देखने)

(ग) चाँद को भी सूरज से प्रकाश मिलता है। (तारों से/सूरज)

(घ) चाँद हमारी धरती के चारों ओर चक्कर लगाता है। (आकाश/धरती)

(ङ) अमरीका के निवासी नील आर्मस्टांग चाँद की सतह पर उतरने वाले पहले व्यक्ति थे। (राकेश शर्मा/नील आर्मस्ट्रांग)

3. उन शब्दों पर गोला ( ) बनाइए, जो इस पाठ में नहीं आए हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| आसमान | भगतपुर | चाँद | जापान |
| प्रकाश | स्नेहिल | अध्यापिका | लकड़हारा |
| निवासी | चट्टानें | शक्तिशाली | धरती |
| वातावरण | कहानियाँ | चक्कर | नदियाँ |
| अमरीका | भारत | चीन | श्रीलंका |

पाठ - 5

## 'क्रिकेट'

प्र.1 बच्चे को कौन-सा बुखार चढ़ गया ?
उ. बच्चे को क्रिकेट का बुखार चढ़ गया।

प्र.2 बच्चे ने किसे मजा चखाया ?
उ. बच्चे ने सचिन और कपिल को मजा चखाया।

प्र.3 क्रिकेट खेलते समय गेंद कहाँ जाकर लगी ?
उ. क्रिकेट खेलते समय गेंद खिड़की पर जा कर लगी।

प्र.4 बच्चे को कितने डंडे लगे ?
उ. बच्चे को चार डंडे लगे।

प्र.5 बच्चे के मन में क्या विचार आया ?
उ. बच्चे के मन मे क्रिकेट टीम बनाकर विश्व कप जीतने का विचार आया।

प्र.6 आखिरी गेंद पर क्या हुआ ?
उ. आखिरी गेंद को बच्चे ने इतनी जोर से मारा कि वह रेखा से बाहर हो गई।

प्र.7 मम्मी डंडा लेकर क्यों आई ?
उ. गेंद लगने से खिड़की का शीशा टूट गया था इसलिए मम्मी डंडा लेकर आई।

12/5/1

हिन्दी II

→ लिखो व याद करो -

पाठ 6 'चंदा मामा'

प्र॰1 रात को आकाश में क्या दिखाई देता है ?

उ॰ रात को आकाश में चाँद दिखाई देता है।

प्र॰2 क्या चाँद पर मानव जीवन है ?

उ॰ चाँद पर मानव जीवन नहीं है।

प्र॰3 गरमी की छुट्टियाँ बिताने अपनी नानी के घर भगतपुर कौन-कौन गए थे ?

उ॰ गरमी की छुट्टियाँ बिताने अपने नानी के घर भगतपुर सपना और स्नेहिल गए थे।

प्र॰4 सपना ने किससे कहानी सुनाने के लिए कहा ?

उ॰ सपना ने नानी से कहानी सुनाने के लिए कहा।

प्र॰5 चंद्रमा धरती से देखने पर इतना छोटा क्यों दिखता है ?

उ॰ चंद्रमा धरती से दूर होने के कारण छोटा दिखता है।

प्र॰6 चंद्रमा पर जीवन क्यों नहीं है ?

उ॰ चंद्रमा पर हवा व पानी न होनें के कारण जीवन नहीं है।

प्र॰7 चाँद पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति कौन था ?

उ॰ चाँद पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति नील आर्मस्टांग था।

प्र॰8 अध्यापिका ने स्नेहिल को चांद के बारे में क्या बताया था ?

उ॰ अध्यापिका ने स्नेहिल को बताया - चाँद हमारी धरती के चारों ओर चक्कर लगाता है।